राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, कैरी बैग की जगह जूट बैग के इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने के लिए यह रचनात्मक पहल

राज्यपाल श्री मिश्र ने 'प्लास्टिक नहीं, जूट सही' अभियान की शुरुआत की

जयपुर, 3 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को राजभवन से दैनिक भास्कर के 'प्लास्टिक नहीं, जूट सही' अभियान की शुरुआत की। उन्होंने दैनिक भास्कर को कैरी बैग की जगह जूट बैग के इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जाने वाले इस अभियान के लिए शुभकामनाएं दी तथा कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल है।

श्री मिश्र ने इस दौरान विद्यालय के बच्चों को जूट बैग प्रदान कर इस अभियान में सभी की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के स्थान पर जूट का प्रयोग रचनात्मक सोच है। इस पहल को सभी आगे बढ़ाएं। प्लास्टिक समाज के लिए बहुत खतरनाक है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि सिंगल यूज पर रोक के अंतर्गत अपने शहर को प्लास्टिक मुक्त करने में सब मिलकर सहयोग करें। उन्होंने इस अभियान की सराहना की तथा कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से प्लास्टिक मुक्त समाज के साथ पर्यावरण संरक्षण के साथ हम पारिस्थितिकी संतुलन स्थापित कर सकेंगे।

उन्होंने तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि अधिकाधिक पौधे लगाने के साथ इस तरह के रचनात्मक अभियान ही मानव भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। दैनिक भास्कर के राष्ट्रीय संपादक श्री एल.पी. पंत ने आरंभ में राज्यपाल श्री मिश्र को 'प्लास्टिक नहीं, जुट सही' अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

———

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर

सच्ची बात,
बेधड़क
दैनिक भास्कर

सच्ची बात,
बेधड़क
दैनिक भास्कर
की एक सामाजिक पहल
प्लास्टिक नहीं
जूट सही
सच्ची बात,
बेधड़क
दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर
दैनिक भास्कर
की एक सामाजिक पहल
प्लास्टिक नहीं
जूट सही
दैनिक भास्कर
की एक सामाजिक पहल
प्लास्टिक नहीं
जूट सही